दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्व का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, गुरूवार 24 अक्टूबर 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 28

## छग में जल्द होगा बिलासपुर-पतरापाली मार्ग पर पुल निर्माण

**» मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नितिन गडकरी से की मुलाकात » छत्तीसगढ़ के अधूरे राष्ट्रीय राजमार्गों को शीघ्र पूर्ण कराने का भी मिला भरोसा**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ हुई बैठक में किये गये अनुरोध पर घोषणा की है कि बिलासपुर-पतरापाली अधूरे पुल के निर्माण को इमेरजेंसी प्रावधान के इस्तेमाल के जरिए जल्द पूरा कराया जाएगा। वहीं छत्तीसगढ़ में निर्माणाधीन और स्वीकृत विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों को शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन दिया गया।



नई दिल्ली में बुधवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान बैठक के दौरान बघेल ने छत्तीसगढ़ में निर्माणाधीन और स्वीकृत विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों को शीघ्र पूरा कराने का अनुरोध किया है। बघेल ने बिलासपुर-पतरापाली अधूरे पुल निर्माण की ओर केंद्रीय मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया, जिस पर गडकरी ने इमर्जेंसी प्रावधान का उपयोग करते हुए इस पुल निर्माण जल्द ही प्रारम्भ करने की घोषणा की। वहीं राज्य में गडकरी ने कहा कि केंद्रीय स्तर पर राजमार्गों का परीक्षण कराया जाएगा, इसके लिए अधिकारियों की टीम दौरा कर जांच करेगी। उन्होने लंबित निर्माण कार्यों को जल्द शुरू कराए जाने की बात कही है।

मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री बघेल ने रायपुर शहर के टाटीबंध चौक में फ्लाई ओवर, रायपुर से धमतरी मार्ग का चौड़ीकरण, बिलासपुर-अम्बिकापुर, चांपा-कोरबा-कटघोरा मार्ग और पत्थल गांव के कुनकुरी मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने की बात कही है। बघेल ने कहा कि राज्य के इन मार्गों के अपूर्ण होने से जनता को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 53 में रायपुर शहर के टाटीबंध चौक स्थित है, जो रायपुर-दुर्ग, रायपुर-सिमगा, टाटीबंध-आमानाका एवं टाटीबंध-भनपुरी पांच मार्गों का जंक्शन है। आपके द्वारा 10 सितम्बर 2018 को छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान 100 करोड़ रूपए की लागत से फ्लाई ओवर निर्माण करने घोषणा के एक वर्ष बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि टाटीबंध चौक शहर का व्यस्तम चौक होने एवं जंक्शन का निर्माण मानकों के अनुसार नहीं होने के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। यहां सुगम यातायात फ्लाई ओवर के निर्माण के लिए शीघ्र कार्य शुरू कराने का आग्रह किया। इसी तरह मुख्यमंत्री बघेल ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 30 रायपुर-धमतरी मार्ग का चौड़ीकरण कार्य मई 2018 से पूर्णतः बंद होने और निर्माण एजेंसी द्वारा सड़क के कई हिस्सों में आधी चौड़ाई में सड़क निर्मित कर छोड़ दिया है। सड़क का निर्माण कार्य नहीं होने के कारण आम जनता को यातायात में बड़ी असुविधा हो रही है। मुख्यमंत्री ने रायपुर -धमतरी फोरलेन सड़क का काम शीघ्र शुरू कर पूरा कराने का अनुरोध केन्द्रीय मंत्री से किया है।

### रक्षामंत्री राजनाथ से मुलाकात



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नई दिल्ली में बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नया रायपुर में एयरफोर्स के एयरबेस कैंप की स्थापना की लंबित प्रक्रिया जल्द पूरी कराने का आग्रह किया। बघेल ने बताया कि नया रायपुर में इंडियन एयरफोर्स का एयरबेस स्थापित करने के संबंध में पूर्व में भारत सरकार द्वारा सहमति दी गयी थी। उन्होंने रक्षामंत्री से एयरबेस स्थापना के लिए आवश्यक पहल करने का अनुरोध किया है। इस दौरान राजनाथ सिंह ने एयरबेस से संबंधित लंबित प्रकरणों को जल्द हल कर प्रक्रिया आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया है। गौरतलब है कि नया रायपुर में इंडियन एयरफोर्स के एयरबेस की स्थापना प्रस्तावित है। इसके लिए भूमि आवंटन और भू अर्जन को लेकर प्रक्रिया काफी समय से लंबित है। मुलाकात के दौरान बघेल ने एयरबेस कैंप की स्थापना की प्रक्रिया जल्द पूरा कराने का आग्रह किया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### तिहाड़ में बंद शिवकुमार से मिलने पहुंचीं सोनिया

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** मनी लॉन्ड्रिंग केस में तिहाड़ जेल में बंद कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार से मिलने बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पहुंचीं। सोनिया गांधी के साथ कांग्रेस के कई और नेता भी उनके साथ मौजूद थे। सोनिया गांधी ने तिहाड़ में डीके शिवकुमार की सेहत से जुड़ी जानकारी ली और उनसे कुछ देर बात की। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही कांग्रेस नेता अहमद पटेल और आनंद शर्मा भी डीके शिवकुमार से मिलने तिहाड़ पहुंचे थे। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक सोनिया सुबह करीब नौ बजे तिहाड़ पहुंचीं। एक सूत्र ने बताया कि सोनिया कर्नाटक के वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिवकुमार की खैरियत जानने के साथ साथ उनके प्रति एकजुटता प्रकट करने जेल पहुंचीं। गौरतलब है कि मनी लांड्रिंग मामले के आरोप में गिरफ्तार शिवकुमार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कुछ हफ्ते पहले गिरफ्तार किया था और वह फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं।

### भारतीय नौसेना दल गए मनीला

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दक्षिण-पूर्व एशिया और पश्चिमी प्रशांत में भारतीय नौसेना की तैनाती के मद्देनजर नौसेना के पोत सहयाद्रि और किलतान 23-26 अक्टूबर को फिलिपींस की राजधानी मनीला में लंगर डालेंगे। दोनों जहाज भारतीय नौसेना के पूर्वी कमान का हिस्सा है और विशाखापत्तनम स्थित पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ के परिचालन कमान के अधीन है। बंदरगाह पर लंगर डालने के बाद दोनों देशों की नौसेनाओं के अधिकारी और नौसेनाकर्मी विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा सामाजिक गतिविधियां भी होंगी, जिनमें खेल कार्यक्रम इत्यादि शामिल हैं। इसके बाद दोनों देशों की नौसेनाएं गहरे समुद्र में अभ्यास भी करेंगी।

### कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार को दिल्ली हाई कोर्ट ने दी जमानत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस के संकटमोचक कहे जाने वाले दिग्गज नेता डीके शिवकुमार को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट से अदालत से जमानत मिल गई है। उन्हें 25 अक्टूबर तक के लिए अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेजा था। कोर्ट ने उन्हें 25 अक्टूबर तक के लिए न्यायिक हिरासत पर भेजा था। यह अवधि पूरी होने के बाद वह तिहाड़ जेल से बाहर आ सकेंगे। कोर्ट ने 25 लाख रुपये के मुचलके पर उन्हें जमानत दिए जाने का आदेश दिया है। इससे पहले ट्रायल कोर्ट ने डीके शिवकुमार की बेल अर्जी को खारिज कर दिया था। गौरतलब है कि गुरुवार को सुबह ही कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी तिहाड़े जेल में उनसे मुलाकात के लिए पहुंची थीं।

### कोल्हापुर में एक ही घर से मिले 69 देसी बम, दो आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के कोल्हापुर इलाके में क्राइम ब्रांच की टीम ने एक घर में दबिश देकर 69 देसी बम बरामद किए हैं. इसके साथ ही दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है. बताया जा रहा है कि इनके पास से भारी मात्रा में सल्फर और पोटेशियम पाउडर भी बरामद किया गया है. गौरतलब है कि शुक्रवार को कोल्हापुर के उजलाईवाड़ी ब्रिज के नीचे एक धमाका हुआ था जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी. इसके बाद से ही क्राइम ब्रांच ने सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ था. क्राइम ब्रांच की अलग-अलग टीमें बनाई गई थीं और वह मामले की जांच कर रही थीं. इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध लोग एक घर में छिपे हैं और कई दिनों से उनके यहां पर कैमिकल्स की बड़ी खेप आ रही है. जिसके बाद पुलिस ने वहां पर दबिश दी तो उनके पास से 69 देसी बम बरामद किए गए. इसके साथ ही वहां से बम बनाने की कई किताबें और अन्य संदिग्ध वस्तुएं बरामद की गई हैं.

## एक ही साल में 28 करोड़ की नकली करेंसी जब्त

**» नोटबंदी के बावजूद नकली करेंसी में हुआ इजाफा**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** 2016 में जब नोटबंदी लागू हुई तो यह माना गया था कि देश में अब नकली करेंसी का प्रवाह बंद हो जाएगा। हालांकि ऐसा कुछ नहीं हुआ। नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की ताजा रिपोर्ट बताती है कि नोटबंदी लागू होने के अगले ही साल नकली करेंसी में अच्छा खासा इजाफा हो गया।

रिपोर्ट के अनुसार 2016 में कुल 24.61 करोड़ रुपये की नकली करेंसी जब्त की गई। 1398 मामले दर्ज हुए और 1376 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अगले साल यानी 2017 में यह उम्मीद थी कि नकली करेंसी का ग्राफ अब बहुत नीचे चला जाएगा। लेकिन परिणाम इसके विपरित आया। इस साल 28 करोड़ रुपये के मूल्य के नकली नोट जब्त किए गए। ऐसे नोटों की संख्या साढ़े तीन लाख से अधिक थी। बता दें कि जिस साल नोटबंदी हुई थी, उससे पहले 2015 में कुल 15.48 करोड़ रुपये की नकली करेंसी जब्त की गई। 1100 मामले दर्ज हुए और इस गैर कानूनी धंधे में शामिल 1178 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसमें सर्वाधिक दिल्ली में पांच करोड़ 15 लाख रुपये के मूल्य की नकली करेंसी, महाराष्ट्र में एक करोड़ 72 लाख, गुजरात में एक करोड़ 59 लाख, हरियाणा में एक करोड़ 30 लाख और उत्तरप्रदेश में एक करोड़ 25 लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए गए थे। इसके अगले ही साल 2016 के अंत में नोटबंदी लागू कर दी गई। पांच सौ रुपये और एक हजार रुपये के नोट बंद हो गए। केंद्र सरकार की तरफ से ऐसे बयान आए कि अब नकली नोटों का धंधा करने वाले लोगों की कमर टूट जाएगी। देश में नकली करेंसी का न केवल प्रवाह बंद होगा, बल्कि आतंकवादियों को मिलने वाली आर्थिक मदद पर भी काफी असर पड़ेगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।



2017 में 28 करोड़ रुपये के मूल्य के नकली नोट जब्त किए गए। गुजरात में नौ करोड़ आठ लाख रुपये के नकली नोट, दिल्ली में छह करोड़ 78 लाख रुपये, उत्तरप्रदेश में दो करोड़ 86 लाख रुपये, पश्चिम बंगाल में एक करोड़ 93 लाख रुपये और केरल में एक करोड़ 30 लाख रुपये की नकली करेंसी जब्त की गई।

## बीएसएनएल और एमटीएनएल का होगा मर्ज

**» केंद्र सरकार ने कया कर्मचारियों के लिए वीआरएस स्कीम का ऐलान**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत संचार नगर निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और महानगर टेलिफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) को लेकर चल रही आशंकाओं को साफ करते हुए सरकार ने दोनों कंपनियों के मर्जर का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट ने इस पर मुहर लगा दी है। इसके अलावा कर्मचारियों के लिए वीआरएस स्कीम की भी घोषणा कर दी गई है।

कैबिनेट बैठक के बाद दूरसंचार मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सरकार ना तो बीएसएनएल और एमटीएनएल को बंद करने जा रही है और ना ही विनिवेश किया जाएगा।घाटे में चल रही पटरी पर लाने के लिए 15,000 करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड जारी किए जाएंगे।

## रॉ और सेना के बड़े अफसरों पर आतंकी खतरा

**» पाकिस्तान में हाफिज सईद रच रहा है बड़ी साजिश**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पाकिस्तान के आतंकी संगठन जमात-उद-दावा और लश्कर-ए-तैयबा, दिल्ली में रॉ व आर्मी के बड़े अफ्सरों पर हमला कर सकते हैं। खुफिया अलर्ट में कहा गया है कि इन दोनों आतंकी संगठनों ने अक्तूबर के अंत में हमला करने की साजिश रची है। फिलहाल रॉ और आर्मी के बड़े अफ्सरों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इनके दफ्तर और आवास पर भी अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी लगाए गए हैं।



गौरतलब है कि ऐसा पहली बार हुआ है जब पाकिस्तान के दो आतंकी संगठनों ने भारत में किसी हमले को अंजाम देने के लिए हाथ मिलाया है। इंडियन आर्मी लगातार कश्मीर में आतंकियों के ठिकानों पर हमला कर रही है और पाकिस्तानी फायरिंग मुंह तोड़ जवाब दे रही है। जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद भारतीय सेना ने पीओके में चल रहे आतंकियों के ट्रेनिंग कैंपों को नेस्तनाबूत किया है। अभी दो दिन पहले ही सेना ने पीओके के तंगधार इलाके में आतंकियों के कई ट्रेनिंग कैंपों को नष्ट किया है। भारतीय सेना का दावा है कि इसमें कई पाक सैनिक और आतंकवादी मारे गए हैं। इस तरह की कार्रवाई में रॉ के इनपुट को काफी अहम माना जाता है।

## उपराष्ट्रपति 18वें गुट निरपेक्ष सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू गुट निरपेक्ष आंदोलन के राष्ट्राध्यक्षों के 18वें शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन 25-26 अक्टूबर को अज़रबेजान की राजधानी बाकू में किया जा रहा है। शिखर सम्मेलन के बाद वरिष्ठ अधिकारियों तथा मंत्रिस्तरीय बैठकें होंगी।

18वें गुट निरपेक्ष सम्मेलन की विषयवस्तु समकालीन विश्व की चुनौतियों का समुचित और समेकित जवाब देना सुनिश्चित करने के लिए बानदुंग सिद्धांतों का पालन है। उल्लेखनीय है कि विश्व शांति और सहयोग को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता के मद्देनजर 1955 में एशिया-अफ्रीका सम्मेलन में बानदुंग के दस सिद्धांतों को स्थापित किया गया था। यह विषयवस्तु इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि 2020 में बानदुंग सिद्धांतों की 65वीं वर्षगांठ और 2021 में गुट निरपेक्ष आंदोलन की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। भारत गुट निरपेक्ष आंदोलन के संस्थापकों में से एक है और इस आंदोलन की स्थापना 29 सदस्यों के साथ 1961 में की गई थी।



इसकी सदस्य संख्या बढ़कर अब 120 हो गई है और इस तरह यह देशों का सबसे बड़ा समूह बन गया है।

इस शिखर सम्मेलन में आतंकवाद, शांति और सुरक्षा को खतरा, संयुक्त राष्ट्र सुधार, जलवायु परिवर्तन, सतत् विकास, आर्थिक तंत्र तथा दक्षिण-दक्षिण सहयोग जैसे समकालीन विषयों पर चर्चा की जाएगी। इस सम्मेलन में उपराष्ट्रपति की भागीदारी से गुट निरपेक्ष आंदोलन और उसके सदस्य देशों के साथ भारत के सहयोग को मजबूती मिलेगी।

उपराष्ट्रपति शिखर सम्मेलन में राष्ट्रीय वक्तव्य देंगे तथा सम्मेलन के इतर राष्ट्राध्यक्षों तथा मेज़बान देश के राष्ट्रपति के साथ चर्चा करेंगे।

## मूसा के बाद मुखिया बने हामिद लोन को किया ढेर

**» सेना को मिली बड़ी कामयाबी**

**पुलवामा (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के नापाक मंसूबों को कुचलने के लिए भारतीय सेना आतंक के आकाओं का चुन-चुनकर सफाया कर रही है। जाकिर मूसा के मारे जाने के बाद अल कायदा से जुड़े संगठन अंसार गजवत उल हिंद की कमान संभालने वाले आतंकी हामिद ललहारी (लोन) को भी अब सेना ने मौत के घाट उतार दिया है। दरअसल, ऑपरेशन ऑलआउट के तहत सेना की रणनीति है कि आतंकी कमांडर चुने जाने या चर्चा में आते ही जल्द से जल्द टॉप आतंकियों को खत्म कर दिया जाए। इसका असर भी दिख रहा है और आतंकी संगठनों के हौसले पस्त हुए हैं। मेसेज साफ है- फन उठाने से पहले ही आतंक का सफाया।



सुरक्षा बलों को पुलवामा जिले के अवंतीपोरा इलाके के राजपोरा गांव में एक मकान में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली। इस सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर घर-घर तलाशी अभियान शुरू कर दिया। घेरा सख्त होता देख इलाके में छिपे आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने इन्हें समर्पण करने के लिए कहा, लेकिन वे नहीं माने और सुरक्षा बलों पर लगातार फायरिंग करते रहे। इसके बाद जवाबी कार्रवाई से मुठभेड़ शुरू हो गई। रात लगभग आठ बजे तक चली मुठभेड़ में तीन आतंकियों को मारने में सफलता मिली। इससे पहले 16 अक्तूबर को अनंतनाग के बिजबिहाड़ा में सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-ताइबा के तीन स्थानीय आतंकियों को ढेर किया था। छह घंटे से अधिक समय तक चली इस मुठभेड़ में मारे गए तीनों आतंकी हाल ही में आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन छोड़कर लश्कर-ए-ताइबा में शामिल हुए थे।

### वायु सेना अध्यक्ष भदौरिया ओमान जायेंगे

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आर.के.एस. भदौरिया पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएम, एडीसी भारत और ओमान के बीच जारी संयुक्त अभ्यास का अवलोकन करने के लिए ओमान की आधिकारिक यात्रा पर जा रहे है। यह संयुक्त अभ्यास ओमान के मसिरहा में आरएएफओ बेस में रॉयल एयर फोर्स ऑफ ओमान (आरएएफओ) और भारतीय वायु सेना के बीच हो रहा है। एक्सरसाइज ईस्टर्न ब्रिज का यह पांचवां संस्करण है। भारतीय वायु सेना के मिग-29 हॉक्स, एफ-16 और आरएएफओ के यूरोफाइटर टाइफून्स भाग ले रहे हैं। वायुसेना प्रमुख इस अभ्यास को देखेंगे और साथ ही साथ आरएएफओ के वरिष्ठ पदाधिकारियों और अभ्यास में भाग लेने वालों के साथ बातचीत करेंगे।

## केंद्र ने किसानों को रबी फसलों की एमएसपी बढ़ाकर दी दीवाली की सौगात

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मोदी सरकार ने दिवाली से पहले देश के किसानों के लिए एक बड़ी सौगात का ऐलान किया है। रबी फसलों की बुवाई शुरू होने से पहले सरकार सीजन की प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की घोषणा कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि बुधवार को होने वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में चालू फसल वर्ष 2019-20 (जुलाई-जून) की आगामी रबी सीजन की फसलों का एमएसपी बढ़ाने पर फैसला किया गया। कैबिनेट में गेहूं की एमएसपी में 85 रुपये और बाजरा की एमएसपी में 85 रुपये की बढ़ोतरी करने का फैसला ले लिया गया है। कैबिनेट के फैसले के बाद गेहूं का समर्थन मूल्य 1,840 रुपये से बढ़कर 1,925 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य यानि एमएसपी बढ़ाने के फैसले से सरकार के ऊपर अतिरिक्त 3,000 करोड़ रुपये का बोझ आएगा।



कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) द्वारा रबी फसलों के एमएसपी में वृद्धि की सिफारिश किए जाने के बाद काफी समय से इसकी घोषणा का इंतजार किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार सीएसीपी ने चालू रबी सीजन में गेहूं का एमएसपी बढ़ाकर 1,925 रुपये, जौ का 1,525 रुपये, सरसों का 4,425 रुपये, चना का 4,825 रुपये, मसूर का 4,800 रुपये और कुसुम का 5,215 रुपये प्रति कुंटल करने की सिफारिश की थी। पिछले सीजन 2018-19 में गेहूं का एमएसपी 1,840 रुपये, जौ का 1,440 रुपये, चना का 4,620 रुपये, मसूर का 4,475 रुपये, सरसों का 4,200 रुपये और कुसुम का 4,945 रुपये प्रति कुंटल था।